# लोक निर्माण उपमंडल सिहुन्ता के तहत सडकों पर व्यय होंगे 147 करोड़: पठानिया

**समारोह**

**8 माध्यमिक विद्यालय समोट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र के दौरान प्राप्त उपलब्धियां के लिये सम्मानित करने का अवसर रहता है। इस आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है।कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग के उपमंडल कार्यालय सिहुन्ता के अंतर्गत ही विभिन्न सडक परियोजनाओं के निर्माण पर 147 करोड़ रूपयों की राशि व्यय की जा रही है जबकि उपमंडल चुवाड़ी के लिए बजट का अलग से प्रावधान रखा गया है। इसी तरह भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत आपदा न्यूनीकरण कार्यों के लिए 250 करोड़ की धनराशि व्यय होगी। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि फि न्ना सिंह सिंचाई परियोजना के जलाशय के दोनों और भूस्खलन की प्रभावी रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सिंचाई कूहलों के निर्माण और मरम्मत की भी बात कही।

# हिमाचल की कबड्डी स्टार रितु नेगी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन अवार्ड से किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल कबड्डी स्टार रितु नेगी मंगलवार को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रितु नेगी को इस सम्मान से नवाजा। इस दौरान रितु नेगी के पिता भवान सिंह नेगी, मां पूर्णिमा नेगी और भाई लक्की नेगी भी मौजूद रहे।
रितु को यह सम्मान वर्ष 2023 में चीन के हांगझोऊ में हुई एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक और वर्ष 2019 में काठमांडू में दक्षिणी एशियाई गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल करने पर दिया गया। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी रितु को बधाई दी। सोशल मीडिया पर भी रितु को लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। पिता भवान सिंह नेगी और माता पूर्णिमा नेगी के घर 30 मई 1992 को जन्मीं रितु नेगी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक स्कूल शिरोग में हुई। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई से नवीं कक्षा उतीर्ण करने के बाद उनका बिलासपुर छात्रावास के लिए चयन हुआ। जहां उन्हें खेलों में हिस्सा लेने के साथ साथ स्नातक की पढ़ाई पूरी की। 2007 में रितु नेगी ने हिमाचल टीम से हरिद्वार में हुई नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। 2011 में मलयेशिया में जूनियर एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में उनकी कप्तानी में भारत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। 2014 से वह भारतीय रेलवे से खेल रही हैं। 2018 में 18वीं एशियन गेम्स में भारत के लिए इंडोनेशिया में रजत पदक प्राप्त किया। इसके बाद 2019 में नेपाल में हुए साउथ एशियन गेम्स में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। 2022 में उनका विवाह कबड्डी स्टार रोहित गुलिया से हरियाणा के पानीपत में हुआ। पिता भवान सिंह नेगी ने बताया कि बेटी को सम्मान से नवाजा जाना पूरे हिमाचल के लिए गर्व की बात है।

## न्यूज फ्लैश

### 15 जनवरी को होगी भाबड घास की नीलामी: वन मण्डलाधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
वन मण्डलाधिकारी, नाहन सौरभ ने जानकारी देते हुए बताया कि नाहन वन मण्डल के अधिनस्थ नाहन, त्रिलोकपुर व कोलर रेंज में भाबड घास की नीलामी 15 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे वन मण्डल अधिकारी नाहन के कार्यालय में रखी गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोली दाता बोली देने से पहले मौके पर जाकर इसका निरीक्षण कर ले। उन्होंने बताया कि नीलामी की सभी शर्तो का ब्यौरा भी मौके पर पढ कर सुनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त बोली दाता अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस के समय वन मण्डलाधिकारी नाहन के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।
उन्होंने बताया कि इच्छुक बोलीदाता की पात्रता के लिए मुबलिक 5000/- रू बोली से पहले मौके पर जमा करवाने होगे। यह राशि नीलामी समाप्त होने पर बोली दाताओ को वापिस कर दी जायेगी तथा सफल बोली दाता से मौके पर पूरी कीमत एक मुश्त विक्रय कर सहित पूरी राशि के साथ वसूल की जायेगी।

### तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार के लिए प्रवीण सिंह को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रवीण सिंह को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2022 से सम्मानित होने पर बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा यह पुरस्कार उन्हें मंगलवार को नई दिल्ली में प्रदान किया गया। कांगड़ा जिला से संबंधित प्रवीण सिंह बीएसएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। प्रवीण सिंह माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा को दो बार फ तह करने के साथ-साथ 20 से अधिक हिमालयी चोटियों पर सफलतापूर्वक पर्वतारोहण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहसिक खेलों में प्रवीण की उल्लेखनीय उपलब्धियां दूसरे लोगों के लिए प्रेरक हैं और सभी को कड़ी मेहनत तथा समर्पण के बल पर अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

### सराज की भूगोलिक स्थिति का व अधूरे पड़े केसों का हवाला दे थुनाग में मांगी स्थाई जज की नियुक्ति



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
सिराज क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व सब जज कोर्ट थुनाग के अधूरे पड़े सैंकड़ों केसों को ध्यान में रखते हुए सब जज कोर्ट थुनाग में स्थाई जज की नियुक्ति को लेकर सराज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के कई अधिवक्ताओं ने हाई कोर्ट शिमला जाकर मुख्य न्यायाधीश से सब जज कोर्ट थुनाग के लिए स्थाई जज की नियुक्ति की मांग की है। बार एसोसिएशन थुनाग के अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर ने बताया सब जज कोर्ट थुनाग 2021 से कार्यरत है। यहां पर 710 सिविल और क्रिमिनल केसों की सुनवाई चल रही है।
एसमएल-09

# जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक 11 जनवरी को 10 बजे देव धाम वाशिंग में

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक 11जनवरी को सुबह 10 बजे देव धाम परिसर बाशिंग कुल्लू में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में तय की गई है। यह जानकारी जिला भाजपा महामंत्री अमर ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल, पूर्व मंत्री एवम प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। बैठक में भाजपा के जिला के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जिला से प्रदेश के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष और महामंत्री, सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के मंडल अध्यक्ष, सभी प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा से संबंधित जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष,पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला के चारों मंडल कुल्लू, मनाली, बंजार और आनी के अध्यक्ष एवं महामंत्री भाग लेंगे।
जिला महामंत्री अमर ठाकुर ने सभी पदाधिकारीयों से आग्रह किया है कि सभी पदाधिकारी बैठक में समय पर पहुंचे।

# नाहन पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा : डा. बिंदल



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को नाहन पहुंची है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से मौजूद रहे।बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार के कुशल कार्यकाल में 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे है और देश लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश भर में करीब 3 करोड़ नए घरों का निर्माण किया गया है साथ ही 20 लाख से अधिक पेयजल कनेक्शन केंद्र सरकार की सहायता से लगे है। राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनधन योजना के तहत 48 करोड़ लोगों के जन-धन खाते खोले गए साथ ही करीब 9 करोड़ किसानों के खाते में 6-6 हजार की सालाना राशि भी डाली गई। राजीव बिन्दल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को भी लगातार केंद्र की तरफ से मदद मिलती रही है। केंद्र सरकार ने बड़ी टनलस प्रदेश को दी है जिसमें रोहतांग टनल मुख्य रूप से शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि करीब 42 हजार करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदेश को केंद्र की तरफ से मिले हैं वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आपदा के बीच हिमाचल को केंद्र सरकार की तरफ से बड़ी मदद मिली है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता एनगर परिषद नाहन की अध्यक्ष श्याम पुंडीर, नगर परिषद के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# द्रंग प्राथमिक पाठशाला के नो निहालों ने पहली बार उठाया रेल यात्रा का लुत्फ



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
प्राथमिक पाठशाला द्रंग के पहली से पांचवी कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने पहली बार जोगिंद्रनगर से ऐहजू तक रेल यात्रा द्वारा भ्रमण किया। आज सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन जोगिंद्रनगर में इस पाठशाला के लगभग 80 छात्र-छात्राएं और पाठशाला का स्टाफ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। नोनीहालों में पहली बार रेल यात्रा को लेकर काफ ी उत्साह देखने को मिल रहा था। पाठशाला के प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक पाठशाला तरंग के छात्र पहली बार रेल से भ्रमण करवाने के लिए लाया गया है ताकि इन्हें रेलगाड़ी व रेल यात्रा के बारे में जानकारी मिल सके। उल्लेखनीय है कि पिछले कई महीनो के बाद जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन से रेल शुरू हुई है।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला शिकायत निवारण समिति गठित


**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला शिकायत निवारण समिति का गठन किया है। इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं। यह समिति लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जब्त नकदी इत्यादि के सम्बन्ध में आमजन को असुविधा से बचाने और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए गठित की गई है।

# जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने संगडाह में उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
संगडाह विकास खंड की शिवपुर ग्राम समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने संगडाह में उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत शिवपुर की प्रधान सरिता देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर बोलते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि इस उचित मूल्य की सरकारी दुकान खुलने से शिवपुर पंचायत के अरट गांव के इलावा भूवेरी, आशौला, बड ?लटा गांवों के सैंकड़ों परिवारों को उनके घर द्वार पर ही सरकारी डिपो के माध्यम से सस्ते राशन की सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया उन्होंने बताया कि संगड़ाह विकासखंड के गांव अरट के इलावा भावन कड ?ाना, वियोग टटवा और देवना दनगा में नये सरकारी डिपो खुलने से अब इस विकासखंड में उचित मूल्य की दुकानों की संख्या 61 हो गई है। उन्होंने बताया कि इन डिपओं की स्वीकृति सरकार द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व की गयी थी परन्तु गत एक वर्ष के दौरान सारी औपचारिकताएं पूरी होने के उपरांत आज इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों का अपने घर के नजदीक ही सस्ते राशन का सपना साकार हो गया है। इससे पूर्व इन गांवों के सैंकड़ों लोगों को सरकारी डिपो से राशन लेने के लिए 25 किलोमीटर दूर हरिपुरधार जाना पड़ता था। इस मौके पर पंचायत प्रधान सरिता देवी ने बताया कि इससे पूर्व इस पंचायत के अरट, भूवेरी, आशौला और बड ?लटा के ग्रामीणों को सस्ता राशन लेने के लिए बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और लोग सरकारी ड्यूटी को दूर होने के कारण सस्ते राशन की सुविधा का लाभ भी नहीं उठा पाए थे।

# सिरमौर के गिरिपार में माघी त्योहार शुरू, अब कटेंगे बकरे



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के गिरिपार इलाके में माघी त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 11 जनवरी को और पौष अमावस्या होने से इस बार यह पर्व 10 जनवरी से शुरू हो रहा है। जिले के ट्रांसगिरि के साथ-साथ उत्तराखंड के जौनसार बाबर की 80 से 82 पंचायतों में इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। जिले के गिरिपार इलाके की 154 में से 126 पंचायतों में इस पर्व पर बकरे काटे जाने की परंपरा है। करीब 30,000 से 35,000 परिवारों में बकरे काटे जाएंगे। 28 गते पौष यानी 12 जनवरी को भी गिरिपार इलाके में बकरे काटे जाएंगे। बकरे काटे जाने के दिन इस पर्व को भातियोज का नाम दिया गया है। त्योहार के आठ दिन बाद इसे खोड़ा पर्व के नाम से भी मनाया जाता है। इसे छोटा भातियोज कहा जाता है। गिरिपार इलाके का यह बड़ा पर्व है। हालांकि इस पर्व को मनाए जाने की परंपरा में अब काफी बदलाव आया है। ये त्योहार बहुत खचीर्ला है। लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार इसको मनाते हैं।
सभी रिश्तेदारों, शादीशुदा लड़कियों को त्योहार का हिस्सा दिया जाता है। पूरा महीना मेहमाननवाजी होती है। गिरिपार में इस दिन हजारों बकरे, सूअर और खाड्डू (भेड़ू) काटे जाते हैं। यह हाटी संस्कृति का मुख्य हिस्सा भी है।

# हिमाचल बन चुका है एजुकेशनल हब: कौल सिंह ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश शिक्षा का हब बन चुका है। हिमाचल देश का दूसरा ऐसा राज्य है जहां सबसे अधिक पढ़े लिखे लोग हैं। विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी से पढकर निकले छात्रों ने देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपना लोहा बनवाया है। इस स्कूल से स्वतंत्र कुमार जैसे छात्र पढकर निकले जो सुप्रीम कोर्ट के जज बने। मंडी में पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह ठाकुर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जिला मंडी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और यहां से निकले हुए छात्रों ने देश विदेश में नाम कमाया है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश के मुताबिक हर स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन करना अनिवार्य कर दिया गया है क्योंकि इस कार्यक्रम के आयोजन से युवाओ का हौसला बढ़ाना, नेक कार्यों के लिए प्रोत्साहन देना है। सरकारी स्कूल में बच्चे कामयाब होते हैं। यदि सर्वे करवा दिया जाए तो सरकारी स्कूल के बच्चे सबसे अधिक डॉक्टर, वैज्ञानिक, मैकेनिक व सभी क्षेत्रों में मेरिट के आधार पर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मंडी का न्यू ब्लॉक स्कूल था मगर इस धरोहर को मिटाने के लिए पूर्व सरकार ने पूरा काम किया और आज यू ब्लॉक का स्कूल गायब होकर वहां पर बना रही है जो व्यक्तिगत और निजीगत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में गुणबता वाली शिक्षा प्रदान करवाने के लिए तथा आम गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए राजीव गांधी बोर्ड डे स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है तथा इसके लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान भी करवाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व में रहे कांग्रेस प्रत्याशी चंपा ठाकुर, सदर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश पटियाल लोग भी उपस्थित थे।

# कुलदीप सिंह पठानिया ने टुन्डी-धरुं सडक के उन्नयन कार्य का किया भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को टुन्डी-धरुं संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि टुन्डी-धरुं संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्यों पर 6 करोड़ 85 लाख रूपयों की धनराशि व्यय होगी। लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस संपर्क सडक मार्ग के निर्माण कार्यों को समयबद्ध सीमा के भीतर पूर्ण कर लोगों को बेहतर सडक सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने इससे पहले 72 लाख की राशि से नवनिर्मित उपकोषागार कार्यालय सिहुन्ता के भव्य भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने बताया कि कार्यालय भवन में आवास सुविधा का प्रावधान भी रखा गया है। जिससे यहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर आवास की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर पठानिया, तहसीलदार सिहुन्ता सुरेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता लोक निर्माण हर्षपुरी, कोषाधिकारी राजीव शर्मा सहित क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि और गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने दिए पेंशनरों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश

**बैठक**

**8 उपायुक्त सोलन ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उपायुक्त सोलन गत दिवस को पेंशनर्स की समस्या से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक में आए अधिकारियों को



पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशनरों की समस्याओं से सम्बन्धित प्रपत्रों को तैयार करने के निर्देश दिए ताकि समस्या का स्थाई समाधान निकाला जा सके। मनमोहन शर्मा ने कहा कि पेंशनरों की राज्य स्तर की विभिन्न मांगों को प्रदेश सरकार को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने जिला के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले पेंशनरों को यथोचित सम्मान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनर ने अपने जीवन का स्वर्णिम काल प्रदेश को दिया है। सभी को उनका सम्मान सुनिश्चित बनाना चाहिए। उन्होंने पेंशनर संगठनों से आग्रह किया कि अपनी समस्याओं को समय पर सम्बन्धित विभागों को पहुंचाएं ताकि आगामी बैठकों में विभिन्न समस्याओं का उचित निदान हो सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उपमंडल स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में वरिष्ठ नागरिकों का उपचार नियमानुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि

# जोगिंद्रनगर के अतुल शर्मा आरबीआई की ग्रेड बी ऑफिसर परीक्षा में बने टॉपर

**रोशन**

**8 अतुल शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त करके देशभर में समूचे जोगिंद्रनगर का नाम रोशन किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
भारतीय रिजर्व बैंक में ग्रेड-बी ऑफि सर की परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में जिला मंडी के जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुहला भड ?ड़ा के बैला गांव के अतुल शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त करके देशभर में हिमाचल प्रदेश सहित समूचे जोगिंद्रनगर का नाम रोशन किया है। अतुल शर्मा वर्तमान में नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर युवा कार्यक्रम



एवं खेल मंत्रालय भारत में बतौर जिला युवा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अतुल के पिता बृज लाल हिमाचल पुलिस विभाग से सब-इंस्पैक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अतुल ने जवाहर लाल गवर्नमैंट इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर से बीटैक करने के बाद भारतीय वन प्रबंधन संस्थान से पोस्ट ग्रैजुएशन की है। इसके बाद 2 साल उन्होंने मध्य प्रदेश वन विकास निगम में बतौर प्रबंधक अपनी सेवाएं भी प्रदान की हैं। वर्ष 2019 में अतुल पहली बार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की परीक्षा में बैठे परंतु साक्षात्कार चरण के बाद अंतिम सूची में नाम दर्ज कराने से चूक गए थे। इसके बाद कठिन परिश्रम, निष्ठा एवं परिवार के सहयोग से वह इस वर्ष पूरे भारत वर्ष में पहले स्थान पर रहे। अतुल ने अपनी सफ लता का श्रेय अपने ताया जी, माता-पिता, पत्नी और पूरे परिवार को दिया है। बता दें कि हर वर्ष लाखों युवा भारतीय रिजर्व बैंक की इस परीक्षा में भाग लेते हैं। इस बार कुल 222 लोगों ने 3 चरणों की इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया

## संक्षिप्त खबरें

### अस्पतालों में जांच बंद होने पर बोले पूर्व मुख्यमंत्री व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था बर्बाद करना बंद करें सरकार :जयराम ठाकुर

**सदन के अंदर आगाह करने के बाद भी सोई रही सरकार**
**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने क्रस्ना लैब द्वारा प्रदेश भर में जाँच के काम बंद करने पर राज्य सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर पहले से चल रही व्यवस्थाओं का कबाड़ा कर दिया गया है। पैसा बाकी रहने के कारण अस्पतालों में होने वाली नियमित जाँचे रोक दी गई हैं। कंपनियां अपने बकाए पैसे की माँग कर रही हैं। सरकार सो रही है और बीमार लोगों को दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बिना जाँच के इलाज कैसे होगा? सरकार को इस बात का की जानकारी होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से जाँच सुविधाओं को तुरंत बहाल करवाने की माँग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह की लापरवाही बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही सत्ता झूठ बोल कर हासिल की है तो लेकिन उसे चलाने में सरकार गंभीरता दिखाए तो बेहतर रहेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कभी पैसा न देने के कारण लोगों के ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं तो कभी इलाज नहीं हो रहा है। सरकार की उदासीनता के कारण मरीजों की डायलिसिस बंद कर दी जा रही हैं तो कभी ऑक्सीजन प्लांट बंद कर दिए जा रहे हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं भगवान भरोसे नहीं चलेंगी। सरकार जिम्मेदारी से काम करें। सरकार प्रदेशवासियों को बताए कि आखि? ऐसी नौबत क्यों आई। इसके अलावा हिमकेयर का पैसा भी सरकार द्वारा नहीं दिया गया है। अगर सरकार इसी ढर्रे पर चलती रही तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य को गंभीरता से ले क्योंकि जान बहुत कीमती होती है।
सदन के अंदर आगाह करने के बाद भी सोई रही सरकार
नेता प्रतिपक्ष कहा कि यह सभी मुद्दे सदन में उठाए गए थे और सरकार को आगाह किया था कि सरकार जिस ढर्रे पर चल रही है आने वाले दिनों में लोगों को इलाज लिए भटकना पड़ेगा। हमने कहा भी था कि प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य के साथ हम खिलवाड़ नहीं होने देंगे। सरकार की तरफ से हमें आश्वस्त भी किया गया था कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू ढंग से चलती रहेगी। स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही संस्थाओं के भुगतान किए जाएंगे। इसके बाद भी ऐसी नौबत आ रही है। इससे यह साफ है कि सरकार प्रदेश के लोगों के न स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है और न ही विकास और सुविधाओं को लेकर। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार अपना रवैया बदले और अपनी जिम्मदारियों को समझे नहीं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए तैयार रहे।

### प्रवीण सिंह को एडवेंचर स्पोर्ट्स में असाधारण उपलब्धि हेतु तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के दो प्रतिभाशाली जनों को भी राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। प्रवीण सिंह को एडवेंचर स्पोर्ट्स में असाधारण उपलब्धि हेतु तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। इसके साथ हीं ऋ तु नेगी को कबड्डी के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह के दौरान केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। हिमाचलियों को खेल पुरस्कार से नवाजे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकुर ने कहा, मुझे बेहद खुशी है की हिमाचल प्रदेश से दो लोगों को आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार मिला है। मैं प्रवीण और रितु दोनों को अपनी और समस्त हिमाचल की ओर से ढेरों शुभकामनाएं देता हूं। यह राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हमारे हिमाचल में बढ़ते खेल व खेल तंत्र को प्रदर्शित करते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इससे और युवाओं को खेलों को अपने करियर के रूप में चुनने और देश का नाम रोशन करने हेतु आगे बढ? की प्रेरणा मिलेगी।

# आयुष विभाग मिलने पर डॉ. दिनेश ने दी कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा को बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा को आयुष विभाग की जिम्मेवारी मिलने पर इन्टरेगेटड मैडीकल एशोसियेशन (आइएमए) आयुष के राज्य अध्यक्ष व पूर्व विशेष कार्य अधिकारी आयुर्वेद डाक्टर दिनेश कुमार ने कैबिनेट मंत्री यादवेन्दर गोमा को संगठन की ओर से बधाई देते हुऐ यह आशा व्यक्त की है कि यादवेन्दर गोमा के नेतृत्व मे आयुष विभाग एक नया आयाम स्थापित करेगा और इस दायित्व के लिए मुख्यमन्त्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी धन्यावाद किया है।

# उपायुक्त ने खेखर में निर्माणाधीन गौ सदन का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**8 40 लाख से बनने वाले गौ सदन में होगी 100 पशुओं की क्षमता, 31 मार्च तक होगा कार्य पूर्ण**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने आज कुमारसैन उपमण्डल के किंगल के समीप खेखर में निमार्णाधीन गौ सदन का निरीक्षण किया। इस गौ सदन का निर्माण कार्य 40 लाख रुपये से किया जा रहा है और इसमें 100 पशुओं को रखने की क्षमता होगी। उन्होंने बताया कि



यह उपमण्डल का पहला गौसदन है और इसका कार्य पिछले वर्ष नवम्बर माह में शुरू हुआ था और इसे 31 मार्च, 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गौसदन के बनने से सर्दी के मौसम में पशुओं का ठण्ड से बचाव सुनिश्चित होगा और सडकों पर निराश्रित घूमने वाले पशुओं की संख्या में भी कमी आएगी, जिससे सडक हादसों का खतरा भी कम होगा। उन्होंने बताया कि यह गौसदन एक उपयुक्त स्थान पर है, जिसके समीप एक प्राकृतिक जल स्त्रोत है, जिससे पशुओं को पानी की कमी नहीं होगी। उपायुक्त ने बताया कि इस गौसदन को चलाने के लिए एक संस्था को पंजीकृत किया जाएगा और आने वाले समय में यहां बायोगैस प्लांट विकसित करने का भी प्रस्ताव है।
उपायुक्त ने निमार्णाधीन मिनी सचिवालय का किया निरीक्षण
उपायुक्त ने कुमारसैन उपमण्डल में निमार्णाधीन मिनी सचिवालय का निरीक्षण किया, जिसका निर्माण कार्य काफी समय से लंबित पड़ा था। उन्होंने बताया कि इस निर्माण कार्य में अक्तूबर, 2023 से गति प्रदान की गई है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माण कार्य अक्तूबर, 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमण्डलाधिकारी कुमारसैन सुरेन्द्र मोहन भी उपस्थित रहे।

# वी लव यू सुक्खू भाई से मुख्यमंत्री का अभिनंदन :रोहित शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला हमीरपुर के प्रवक्ता रोहित शर्मा एडवोकेट ने कहा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का अमतर क्रिकेट स्टेडियम, नादौन में भव्य स्वागत हुआ। रोहित शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कर सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के नारे को चरित्रार्थ कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने विकास की परिभाषा की नई इबारत लिखते हुए राजकीय महाविद्यालय धनेटा



में टैब भवन की आधारशिला रखी, उसके बाद जनसूह में रैं जनसुह का उद्घाटन किया एवं ततपश्चात धनेटा में विशाल जनसभा को संबोधित किया व समस्याएं सुनी। इस जनसभा के मौके पर स्थानीय लोगों ने वी लव यू सुक्खू भाई के नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री सुक्खू इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि गत भाजपा नीत सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन की वजह से प्रदेश की आर्थिकी को नुकसान पहुंचाया है। तत्पश्चात प्रदेश ने भारी बारिश की वजह से आपदा को झेला है। सुक्खू केंद्र की मोदी सरकार से लगातार मिलकर प्रदेश की समस्याओं से उन्हें अवगत करवा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ विडंबना यह है कि भाजपा के शीर्ष पद पर विराजमान चाहे नड्डा हो या केंद्रीय मंत्री अनुराग प्रदेश की जनता के हक में मोदी सरकार के समक्ष आवाज उठाने में असफ ल रहे हैं

# गोमा होंगे आयुष एवं खेल मंत्री, धमार्णी को वोकेशनल व इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एजुकेशन विभाग

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार में दो नए मंत्रियों को लगभग चार सप्ताह बाद विभाग आवंटित कर दिए गए हैं। राजेश धमार्णी को तकनीकी शिक्षा और वोकेशनल व इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एजुकेशन विभाग मिला है। वहीं यादवेंद्र गोमा को आयुष व युवा सेवाएं एंव खेल विभाग दिया गया है। दोनों ही पहली बार मंत्री बने हैं। अहम बात यह है कि विक्रमादित्य सिंह से युवा सेवाएं व खेल विभाग वापिस ले लिया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम करने के निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटी-कोटी आभार व्यक्त करते है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा ने कहा कि हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम महर्षि वाल्मिकी को श्रद्धांजलि देता है, ऋ षि ने महाकाव्य रामायण की रचना की थी, जिससे हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक स्पर्श जुड़ गया है।
उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को लाकर अंतिम पंक्ति पर खडें व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य किया है।
जबकि कांग्रेस ने हमेशा से अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को केवल और केवल झूठे झांसे देकर वोट के लिए प्रयोग किया है। राकेश डोगरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ अंबेडकर फाउंडेशन के माध्यम से देश के दलितों में पुनर्जागरण की चेतना को जगाने का भरपूर कार्य कर रहे है। डा. अंबेडकर अंतराष्ट्रीय केन्द्र की स्थापना रिकार्ड दो सालों में 195 करोड़ की लागत से की गयी, वर्ष 2015 से 14 अप्रैल को समरसता दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया,



30 सितंबर 2015 को 125 वीं जयंती के अवसर पर डाक टिकट जारी किया, 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने का निश्चय किया। डा. अंबेडकर चिकित्सा सहायता योजना शुरू की, जिसके तहत 2.5 लाख रुपये सालाना की आमदनी वाले परिवारों को मुफ्त मेडिकल सुविधा मिल रही है। डोगरा ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के देश के प्रति योगदान को हमेशा दबाने का काम किया, लेकिन मोदी सरकार ने डॉ अंबेडकर से जुड़े कई ऐसे मंचों को जनसामान्य के लिए उपलब्ध कराने का काम किया है जिनसे वे सामाजिक समरसता के पुरोधा रहे बाबासाहेब के जीवन और उनके विचारों से लाभ उठा सकें। केंद्र की सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने बाबासाहेब अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ के तौर पर विकसित किया है।

# छात्राओं को नीट परीक्षा की तैयारियों की दी जानकारी

**चर्चा**

**8 प्रथम वर्ष की 6 छात्राओं के साथ मिल कर कैसे नीट की तैयारी करें इस विषय पर विस्तार में चर्चा की गई।**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला प्रशासन व जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यकम के तहत जिला प्रशासन मण्डी द्वारा चलाई जा रही विशेष पहल देई के अन्तर्गत स्कूल की छात्राओं जो कि 12 वीं कक्षा में पढ़ रही छात्राओं के लिए



मार्गदर्शन का कार्यकम किया गया। पिछले वर्ष के मैरिट सूची अनुसार नीट की तैयारी कर रही जिला मण्डी के विभिन्न स्कूलों में पढ़ रही 17 छात्राओं को परामर्श पहल के अंतर्गत एमबीबीएस की प्रथम वर्ष की 6 छात्राओं के साथ मिल कर कैसे नीट की तैयारी करें इस विषय पर विस्तार में चर्चा की गई।
कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन शर्मा (भा.प्र.से.) ने की। एमबीबीएस की छात्राओं को स्कूली छात्राओं के भविष्य से सम्बन्धित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा छात्राओं के समूह बनाए जाएंगे जिसके तहत वह एमबीबीएस की छात्रा से नीट उत्तीर्ण करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सके।जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल इस कार्यकम में उपस्थित रहे तथा उन्होने बताया की यह कार्यकम जिला में बेटियों के लिए विशेष रूप से चलाया गया है। इस कार्यकम के तहत प्रयास किया जा रहा है जिला मण्डी के विभिन्न स्कूलों में पढ़ रही छात्राओं को किस तरह एमबीबीएस की छात्राएं उनके कैरीयर से सम्बन्धित मार्गदर्शन प्रदान करेंगी तथा नीट भी परीक्षा की तैयारी से सम्बन्धित मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

# अधिकारियों को एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे में किया प्रशिक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
कृषक प्रशिक्षण केन्द्र सुन्दरनगर में परियोजना निदेशक जायका हमीरपुर फेज-सस के सौजन्य से एकीकृत कीट प्रबंधन विषय पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र सुन्दरनगर की प्रधानाचार्य डॉ प्राचीए उप प्रधानाचार्य डॉ हितेन्दर सिंह तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारीए कृषि विकास अधिकारी व प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समन्वयक डॉ नरेश कुमार ने बताया कि 8 जनवरी से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के 19 कृषि प्रसार



अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन कृषि अधिकारियों को ग्राम पंचायत जड़ोल की किसान मीना देवी के खेतों का भ्रमण करवाया गया जहां उन्हें प्राकृतिक खेती के अंतर्गत प्रदर्शन क्षेत्र में गेहूं मटर की मिश्रित फसल के फायदे बताए गए। मीना देवी ने कृषि अधिकारियों के साथ प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार फसलों में कीट प्रबंधन बारे भी चर्चा की।
अधिकारियों को कीटनाशक दवाइयों के अलावा कीट पतंगों को विभिन्न प्रकार के फिरोमिन ट्रैप के द्वारा रोकथाम तथा मुख्य फ सल के चारों ओर ट्रैप फसलों के द्वारा कीट पतंगों को रोकने बारे जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन अनाज, दालों और सब्जियों की फ सल की बीमारियों की पहचान और एकीकृत प्रबंधन पद्धतियां, कीटनाशक निर्माण, विषाक्तता,अवशेष और कीटनाशकों की सुरक्षित हैंडलिंग बारे चर्चा की गई।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रथम चरण में 521 आवेदनों का अनुमोदन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रथम चरण में मंडी जिले में 521 आवेदनों का अनुमोदन किया गया है। जिला स्तरीय कमेटी ने अनुमोदन के उपरांत इन्हें स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति को भेजा है। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की प्रथम बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 521 मामलों में ग्राम स्तरीय समितियों के माध्यम से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त हुई है। बैठक में इन पर चर्चा के बाद अनुमोदन के साथ अब उन्हें राज्य स्तरीय समिति को भेजा गया है।
उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत जिले के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को संरक्षित करने में मदद करने करने के उद्देश्य से प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके योजना से जुडकर कारीगर अपने व्यवसाय का विस्तार, उपकरणों में निवेश और अपनी कारीगरी को बढ़ा सकेंगे। योजना में शामिल हैं 18 व्यवसाय
योजना के तहत 18 पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। इनमें पत्थर तोड? और तराशने का काम, लोहार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, धोबी, दर्जी, नाई आदि व्यवसाय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में कारीगरों को आईडी कार्ड के जरिए पहचान दिलाई जाएगी।

